Raj Express (Indore), 24th August 2020, Page-9

# आईआईटी में 11 विषयों में पीएचडी के लिए रजिस्ट्रेशन

इंदौर। आईआईटी इंदौर ने नए पीजी और पीएचडी स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया। करीब 208 और 53 स्टूडेंट्स ने आईआईटी इंदौर में पीजी और पीएचडी क्रमशः पाठ्यक्रमों में रजिस्ट्रेशन करवाया है।

जिन पाठ्यक्रमों के लिए स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया है वे 11 विषयों में पीएचडी है, दो विषय में एमटेक प्लस पीएचडी दोहरी डिग्री, 5 विषय में एमएससी प्लस पीएचडी दोहरी डिग्री, 6 विषय में एमटेक, पांच विषय में एमएससी और तीन विषय में एमएस (रिसर्च) हैं। प्रोफेसर निलेश कुमार जैन, कार्यवाहक निदेशक ने सभी स्टूडेंट्स को बधाई दी और संबोधित किया। उन्होंने कहा संस्थान महामारी की स्थिति के कारण ऑनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम के लिए मजबूर है, लेकिन यह सुनिश्चित करेगा कि स्टूडेंट्स को किसी भी शैक्षणिक नुकसान का सामना न करना पड़े और शैक्षणिक व अनुसंधान गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से संचालित किया जा सके।

प्रोफेसर जैन ने कहा जानकारी से अधिक महत्वपूर्ण ज्ञान है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि स्टूडेंट ज्ञान प्राप्त करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करें। स्टूडेंट्स को शैक्षणिक, अनुसंधान और विकास, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट, अंतर्राष्ट्रीय, सुरक्षा, होस्टल, चिकित्सा और पुस्तकालय सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।